# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्धीकला, हाजीपुर)

रविन्द्र कुमार, बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

मोबाईल नं0–8544412079
हाजीपुर, वैशाली–844102

E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com,deo-vaishali@bihar.gov.in

पत्रांक–...1817...

सेवा में,

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,
प्रखंड–लालगंज, वैशाली।

हाजीपुर, दिनांक–...19/08/26...

विषयः– उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, टोव्हां में घटित हिंसक घटना की जाँच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि अधोहस्ताक्षरी को सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो प्राप्त हुआ है। प्राप्त वीडियो के अवलोकन से यह संज्ञान में आया है कि उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, टोव्हां, प्रखंड–लालगंज में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा लोहे की रॉड/सरिया एवं डंडे इत्यादि के साथ विद्यालय परिसर में प्रवेश कर हिंसक घटना को अंजाम दिया गया है जिसमें एक अध्ययनरत छात्र का सिर गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। विद्यालय परिसर में इस प्रकार की घटना अत्यंत संवेदनशील एवं गंभीर प्रकृति की है जिसकी त्वरित एवं निष्पक्ष जाँच अत्यंत आवश्यक है।

अतः आपको निदेशित किया जाता है कि कल दिनांक 20.08.2026 को स्वयं उक्त विद्यालय में उपस्थित होकर पूरे घटनाक्रम की स्थल जाँच करें। जाँच के क्रम में घटना के कारणों विद्यालय प्रशासन की भूमिका एवं उनके द्वारा की गई कार्रवाई का स्पष्ट उल्लेख करते हुए अपना विस्तृत जाँच प्रतिवेदन कल दिनांक 20.08.2026 की संध्या 5 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

19.8.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।